हरिभूमि
जबलपुर सोमवार 20 अक्टूबर 2025
epaper: www.haribhoomi.com

# विराट भूमि



**उच्च न्यायालय ने मांगा जवाब, जनहित के नाम पर नियम तोड़े गए**

# धनपुरी नगर पालिका के 2.35 करोड़ के टेंडर में बड़ा घोटाला!

**धनपुरी नगर पालिका के 2.35 करोड़ के सीसी रोड निर्माण टेंडर में मनमानी और पक्षपात के गंभीर आरोपों पर अब मामला मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर तक पहुंच गया है। 'एसएन कंस्ट्रक्शन' के प्रोपराइटर श्री प्रवीण त्रिपाठी की याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जनहित के नाम पर नियम तोडने की पूरी सच्चाई हलफनामे में बताई जाए।**

**शहडोल।**

जिले के धनपुरी नगर पालिका क्षेत्र में 2.35 करोड़ की लागत से होने वाले सीसी रोड निर्माण कार्य का टेंडर अब कानूनी जाल में फंस गया है। नगर पालिका की टेंडर प्रक्रिया पर ठेकेदारों ने गंभीर आरोप लगाए हैं, और अब यह मामला मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर में विचाराधीन है। यह याचिका प्रवीण त्रिपाठी (प्रोपराइटर, एसएन कंस्ट्रक्शन) द्वारा दायर की गई है, जिसमें नगर पालिका धनपुरी, शहरी प्रशासन विभाग, और दो निजी फर्मों (प्रतिवादी क्रमांक 4 व 5) पर भ्रष्टाचार, भेदभाव और मनमानी के आरोप लगाए गए हैं। याचिकाकर्ता ने कहा कि नगर पालिका ने 17 जुलाई 2025 को उसकी बोली को दो मनमाने आधारों पर खारिज कर दिया — पहला, टर्नओवर का फॉर्मेट कथित रूप से गलत बताया गया, और दूसरा, साइट इंजीनियर का अनुभव सितंबर 2025 में पूरा होने का हवाला देकर उसे अपात्र ठहराया गया। जबकि श्री त्रिपाठी ने दावा किया कि उनका टर्नओवर प्रमाणपत्र पूरी तरह निर्धारित प्रारूप में था और उन्होंने एक अन्य इंजीनियर विपिन पांडे का नाम दिया था, जो सभी पात्रता मानदंडों पर खरा उतरता था। इसके बावजूद, नगर पालिका ने कुछ निजी ठेकेदारों को पात्र घोषित कर दिया, जिनकी तकनीकी योग्यताएं ही संदिग्ध थीं।

## पारदर्शिता पर गंभीर सवाल

याचिका में कहा गया है कि प्रतिवादी क्रमांक 4 ने फॉर्म आई-3 (तकनीकी कर्मियों की सूची) खाली अपलोड किया था, बैचिंग प्लांट घोषित नहीं किया, ऑडिटेड बैलेंस शीट प्रस्तुत नहीं की,




और बोली क्षमता गलत दर्शाई। वहीं प्रतिवादी क्रमांक 5 के तकनीकी दस्तावेजों को नगर पालिका ने सार्वजनिक रूप से छुपा लिया, जिससे पारदर्शिता पर गंभीर सवाल उठे। प्रवीण त्रिपाठी ने अदालत में यह भी तर्क दिया कि पूरे टेंडर मूल्यांकन में पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया गया। कुछ अधिकारियों ने जानबूझकर कुछ ठेकेदारों को फायदा पहुंचाने के लिए नियमों की अनदेखी की और सही उम्मीदवारों को बाहर कर दिया। यह न केवल पारदर्शिता की हत्या है, बल्कि संविधान के अनुच्छेद 14 में निहित समानता के अधिकार का भी सीधा उल्लंघन है।

## कोर्ट का कड़ा रुख

17 अक्टूबर 2025 को हुई सुनवाई में उच्च न्यायालय की प्रधान पीठ (मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा और न्यायमूर्ति विनय सराफ की बेंच) ने पूरे मामले पर गंभीर टिप्पणी की। प्रतिवादी क्रमांक 2 की ओर से उपस्थित वरिष्ठ अधिवक्ता ने स्वयं स्वीकार किया कि प्रतिवादी क्रमांक 5 द्वारा प्रस्तुत बोली नियमों का पालन नहीं करती थी। इसके बावजूद, यह बोली जनहित का हवाला देते हुए स्वीकार कर ली गई। इस पर न्यायालय ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि प्रतिवादी क्रमांक 2 (नगर पालिका/विभागीय अधिकारी) दो सप्ताह के भीतर शपथपत्र दाखिल करें, जिसमें यह स्पष्ट किया जाए कि आखिर किस जनहित में और किन परिस्थितियों में नियमों की अनदेखी करते हुए प्रतिवादी क्रमांक 5 की बोली स्वीकार की गई। कोर्ट ने यह भी कहा कि हलफनामा की प्रति याचिकाकर्ता को अग्रिम रूप से दी जाए ताकि वे अगली सुनवाई से पहले अपना जवाब प्रस्तुत कर सकें। मामले की अगली सुनवाई 12 नवंबर 2025 को होगी, तब तक अंतरिम आदेश जारी रहेगा, यानी फिलहाल कोई कार्यवाही टेंडर पर आगे नहीं बढ़ेगी।

## जनहित या मनमानी?

इस आदेश से यह स्पष्ट हो गया है कि नगर पालिका धनपुरी में टेंडर प्रक्रिया में पारदर्शिता पर गंभीर सवाल हैं। अदालत ने जनहित के नाम पर किए गए फैसलों की वैधता पर सवाल उठाया है और प्रशासन से जवाब मांगा है। यदि हलफनामे में जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया, तो मामला बड़े भ्रष्टाचार और फर्जीवाड़े की दिशा में जा सकता है। स्थानीय स्तर पर यह मामला राजनीतिक रूप से भी गर्म हो गया है। सूत्रों के अनुसार, नगर पालिका के कुछ अधिकारी और ठेकेदारों के बीच मिलीभगत के संकेत भी सामने आ रहे हैं। फिलहाल अदालत के निर्देश के बाद संबंधित विभाग में हडक़ंप की स्थिति है, और सबकी निगाहें अब 12 नवंबर की सुनवाई पर टिकी हैं, जब यह तय होगा कि यह मामला जनहित था या व्यक्तिगत हित का खेल। धनपुरी नगर पालिका के इस टेंडर विवाद ने प्रशासनिक ईमानदारी पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा कर दिया है। यदि अदालत में आरोप सिद्ध हुए, तो यह मामला प्रदेश में स्थानीय निकायों की टेंडर प्रणाली पर एक बड़ा झटका साबित होगा।

### इनका कहना है...

मामला माननीय न्यायालय में है, दो दिन पहले न्यायालय ने कुछ आदेश दिये हैं, लेकिन अभी तक हमें कापी नहीं मिली है, अवकाश के बाद इस मामले में जानकारी लेने के बाद ही कुछ कह पायेंगे।

**सुश्री पूजा बुनकर**
सीएमओ
नगर पालिका परिषद, धनपुरी

# मतदान केंद्रो का निर्वाचन प्रेक्षक ने किया निरीक्षण

**शहडोल।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल द्वारा जिले के नगरीय निकायों एवं त्रिस्तरीय पंचायतों की मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण 2025 की कार्यवाही के प्रेक्षण हेतु आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक सेवा निवृत्त भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी श्री नीरज दुबे ने नगरीय निकाय व्यवहारी के वार्ड नंबर 14, 15, 9 एवं जनपद पंचायत ब्यौहारी के ग्राम पंचायत, तिखवा सहित अन्य मतदान केंद्रो का निरीक्षण किया। निर्वाचन प्रेक्षक श्री नीरज दुबे ने संबंधित बीएलओ को मतदाता सूची की शुद्धता पर विशेष ध्यान देने, मतदाता सूची में दावा आपत्ति प्राप्त करने के लिए विहित स्थानो पर नियत समय तक बैठकर आपत्ति प्राप्त करने तथा प्राप्त दावा आपत्तियो का परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।पुनरीक्षण के समय मृत और स्थानांतरित मतदाताओं के नाम सूची से पृथक करें एवं मतदाता सूची के संबंध में प्राप्त दावे-आपत्तियों का निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार निराकरण करें।

# सामान्य स्वास्थ्य जांच एवं टी.बी. जागरूकता कार्यक्रम




**शहडोल।** पंडित शम्भूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय, शहडोल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गोदग्राम नवलपुर ग्राम पंचायत में सामान्य स्वास्थ्य जांच एवं टी.बी. जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में टी.बी. रोग से बचाव, लक्षणों की पहचान एवं समय पर उपचार के प्रति जन-जागरूकता फैलाना। स्वयंसेवकों ने जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर, रैली निकालकर तथा घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करने का कार्य किया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वयंसेवकों ने संदेश दिया जन-जन ने यह ठाना है, भारत को टी.बी. मुक्त बनाना है। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग से डॉ. योगेंद्र कुमार पासवान नोडल अधिकारी, डॉ. हर्ष सोनी मेडिकल अफसर, सुश्री संगीता गुप्ता, सुश्री प्रियंका शर्मा तथा श्री रविशंकर कटिया सलाहकार, जिला एड्स नियंत्रण इकाई, सुचिता तिवारी, जयराज रजक, शाहीन खान, उत्तरा विश्वकर्मा, रचना परस्ते, अंजुम,कौशर मंसूरी, पुष्पा केवट सहित अन्य स्वयंसेवकों ने सहभागिता निभाई।

**बुढार में दर्दनाक सडक़ हादसा**

# काम पर जा रही महिला को ट्रक ने कुचला, मौके पर मौत

**शहडोल।** दीपावली के पर्व से पहले जिले के बुढ़ार थाना क्षेत्र में रविवार सुबह एक हृदय विदारक हादसा हुआ। सरईकांपा निवासी 55 वर्षीय शिव कुमारी नापित, जो घर-घर जाकर मालिश का काम कर अपने परिवार का भरण-पोषण करती थीं, सुबह रोजाना की तरह काम पर जा रही थीं। इसी दौरान कॉलेज तिराहे के पास एक तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्रक ने उन्हें कुचल दिया। हादसा इतना भयानक था कि वृद्ध महिला ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक चालक अत्यधिक तेज गति से वाहन चला रहा था और अचानक सामने भीड़ देखकर नियंत्रण खो बैठा। हादसे के बाद चालक ट्रक को मौके पर छोड़क़र फरार हो गया। घटना इतनी भयावह थी कि देखने वालों की आंखें नम हो गईं।

महिला की मौके पर मौत की खबर फैलते ही स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर एकत्रित हो गए और सडक़ पर जाम लगा दिया। आक्रोशित भीड़ ने प्रशासन और परिवहन विभाग के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। सडक़ के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात पूरी तरह ठप हो गया।

सूचना मिलते ही बुढ़ार थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने भीड़ को शांत कराने और स्थिति को नियंत्रण में लाने का प्रयास किया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया।

ग्रामीणों और परिजनों ने प्रशासन से मांग की है कि फरार ट्रक चालक को तत्काल गिरफ्तार कर उसके खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया जाए। साथ ही मृतक महिला के परिजनों को उचित आर्थिक मुआवजा देने की मांग की गई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बुढार क्षेत्र में भारी वाहनों की तेज रफ्तार और यातायात व्यवस्था की लचर स्थिति के कारण ऐसे हादसे अक्सर होते रहते हैं, लेकिन प्रशासन प्रभावी कदम नहीं उठाता। दीपावली जैसे महापर्व से ठीक पहले हुई इस दर्दनाक घटना ने पूरे क्षेत्र को शोकाकुल कर दिया है। पुलिस ने कहा है कि आरोपी चालक की तलाश जारी है और मामले में सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह हादसा एक बार फिर सडक़ सुरक्षा और जिम्मेदार परिवहन व्यवस्था को लेकर प्रशासन की गंभीरता पर सवाल खड़े कर गया है।







## खबर संक्षेप

### आत्मा योजनान्तर्गत सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार से सम्मानित होगें जिले के किसान

**उमरिया।** परियोजना संचालक आत्मा ने बताया कि सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन आत्मा योजनान्तर्गत जिले के सर्वोच्च उत्पादकता हासिल करने वाले कृषकों को जिला स्तर पर व कृषक ब्लाक स्तर पर सर्वोत्तम कृषकों को सम्मानित किया जाना प्रस्तावित है।सम्मान 26 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर किसानों को दिया जाना है। उन्होने बताया कि जिले के तीनों विकासखण्डों से एक-एक किसान को सर्वोच्च उत्पादकता पुरस्कार दिया जाएगा जिले के समस्त उत्साही व प्रगतिशील कृषकों (जिसमें कृषि, मत्स्य, उद्यानिकी, पशुपालन, कृषि अभियांत्रिकी) से अपेक्षा है, कि वे अपने क्षेत्र अंतर्गत कार्यरत कृषि विस्तार अधिकारी या सीधे वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय से संपर्क कर आवेदन प्राप्त कर निर्धारित प्रपत्र में आवेदन कर सकतें है। किसान अपने आवेदन संबंधित विकासखण्ड कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखण्ड करकेली/मानपुर/पाली में 15 नवम्बर 2025 तक जमा कर सकते है । नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। किसान भाई अधिक जानकारी हेतु कार्यालय परियोजना संचालक आत्मा समिति जिला उमरिया के कार्यालयीन समय में एवं दूरभाष क्रमांक 07653-222421 पर संपर्क किया जा सकता है।

### कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय का किया औचक निरीक्षण, मरीजों को समय पर उपचार देने के निर्देश

**डिंडोरी।** कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने शनिवार को जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने इमरजेंसी वार्ड, नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई (एनआईसीयू), आईसीयू, ओपीडी, एक्स-रे कक्ष, दवा वितरण केंद्र, ब्लड बैंक और पैथोलॉजी लैब सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विभागों का जायज़ा लिया।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि अस्पताल परिसर में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही सभी वार्डों एवं कक्षों में पर्याप्त रोशनी और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध रहें।उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि चिकित्सालय में नियुक्त डॉक्टर एवं पैरामेडिकल स्टाफ समय पर अपनी ड्यूटी पर उपस्थित रहें, ताकि किसी भी मरीज को इलाज के लिए प्रतीक्षा न करनी पड़े। अस्पताल में भर्ती सभी मरीजों को समय पर उपचार मिले, इसकी नियमित निगरानी की जाए। कलेक्टर ने कहा कि जिला अस्पताल आमजन की प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा का मुख्य केंद्र है, अतः यहां बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मरीजों और उनके परिजनों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

### हर बेटी का स्वागत, हर मां का सम्मान

**डिंडोरी।** बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत डिंडोरी जिला अस्पताल में धनतेरस के शुभ अवसर पर 'बिटिया जन्मोत्सव' का आयोजन किया गया। यह आयोजन कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदोरिया के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसका उद्देश्य बेटियों के जन्म को सामाजिक सम्मान और उत्सव का स्वरूप देना था।इस विशेष मौके पर जिला अस्पताल में जन्मी 20 नवजात बालिकाओं का आत्मीय स्वागत किया गया। कलेक्टर श्रीमती भदोरिया ने सभी नवजात बच्चियों को 'बिटिया उत्सव किट' भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस किट में बच्चियों के लिए खिलौने, कपड़े, बेबी केयर सामग्री, मिठाइयां, तौलिया, वेट टिशू के साथ-साथ माताओं के लिए पौष्टिक सोंठ के लड्डू भी शामिल थे। इसके अलावा, लाड़ली लक्ष्मी योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना और सुकन्या समृद्धि योजना की जानकारी वाली पुस्तिकाएं भी प्रदान की गईं।

## कलेक्टर को साथिया टीम ने किया दीपक भेंट



**उमरिया।** दीपावली पर्व कर अवसर पर कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन को आरकेएसके कि साथिया टीम ने ग्राम में बने मिट्टी के दीपक को भेंट की एवं दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दी। कलेक्टर ने कहा कि स्वदेशी चीजों को बढावा दे। ग्राम में बनी वस्तुओं को ही खरीदे जिससे स्थानीय लोगों को लाभ हो। एसडीएम बांधवगढ ने कृष्ण ताल में लगी पटाखा दुकानों का निरीक्षण किया।

## एसडीएम ने पटाखा दुकानों का किया निरीक्षण

**उमरिया।** एसडीएम बांधवगढ़ हरनीत कौर कलसी ने दीपावली पर्व के दौरान जिला मुख्यालय उमरिया के कृष्णताल में लगी अस्थाई पटाखा दुकान स्थल का औचक निरीक्षण करते हुए दुकान संचालको को आवश्यक दिशा निर्देश दिए । उन्होने कहा कि शासन के नियमो का पालन करते हुए पटाखा दुकान संचालित की जाए । आग जनी से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक इंतजाम किया जाए, ताकि उचित समय पर घटना को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति के नाम से लाइसेंस जारी किया गया है, उसी व्यक्ति के व्दारा दुकान का संचालन किया जाए तथा लाइसेंस की कापी संबंधित दुकान में चस्पा की जाए । इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नही बरती जाए । निरीक्षण के दौरान तहसीलदार उमरिया दिलीप सोनी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी किशन सिंह सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे ।



### कछारी माल पंचायत में भ्रष्टाचार की जांच रिपोर्ट मांगने पहुंचे ग्रामीण

**शहपुरा।** जनपद पंचायत शहपुरा की ग्राम पंचायत कछारी माल में शासकीय धनराशि के दुरुपयोग और भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर आज ग्रामीणों ने जिला मुख्यालय पहुंचकर जनसुनवाई में अपनी आवाज बुलंद की। ग्रामीणों ने कलेक्टर महोदया से जांच प्रतिवेदन एवं पंचनामा की सत्य प्रतिलिपि उपलब्ध कराने की मांग की, ताकि भ्रष्टाचार की वास्तविक स्थिति जनता के सामने आ सके।ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत में निर्माण कार्यों, पुताई और अन्य शासकीय योजनाओं में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की गई है।

## खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने किया मिष्ठान दुकानों का निरीक्षण

**उमरिया।**

खाद्य सुरक्षा अधिकारी मंजू वर्मा ने गत दिवस जिला मुख्यालय उमरिया स्थित मिष्ठान दुकानों का औचक निरीक्षण किया । मनमौजी स्वीट्स दुकान के निरीक्षण के दौरान कारखाने की जांच की गई जहां पर केक पेड रसगुल्ला एवं मिठाइयां तैयार की जा रही थी। निरीक्षण के दौरान सभी कारीगर हेड कैप एवं स्वच्छता का ध्यान रखते हुए कार्य संपादित करते हुए पाए गए ।

होटल शिवालय का निरीक्षण कर मिल्क केक एवं पेड़ा ,खोवा का सैंपल लिया गया एवं बाजार में वितरित की जा रही सामग्री समोसा ,कचौड़ी ,नमकीन को उचित तेल एवं समय अनुसार उपयोग करने की बात कही। इसके साथ ही साफ-सफाई एवं स्वच्छता के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए । सद्गुरु स्वीट्स के कारखाने का भ्रमण के दौरान स्वच्छता सामग्रियों में गुणवत्ता पाई गई । इसी तरह राजा स्वीट्स की दुकान के कारखाने का निरीक्षण किया गया जिसमें गुलाब जामुन बनाने में उपयोग की जाने वाली सामग्री की जांच की गई जो उचित पाई गई। साथ ही स्वच्छता एवं उपयोग की जाने वाली सामग्री उचित ब्रांड की पाई गई।



राजस्थान बीकानेर मिठाई भंडार के भ्रमण के दौरान खाद्य सामग्री टेस्ट की गई ।कारीगरों के को स्वच्छता एवं साफ सफाई से मिठाई बनाई जाने के निर्देशित किया गया ।खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जायका रेस्टोरेंट का भ्रमण कर पानी के पानी का उपयोग एवं किचन में उपयोग की जा रही सामग्री की जांच की गई एवं एक्सपायरी को चेक किया गया सफाई स्वच्छता एवं आरो लगाने हेतु निर्देशित किया गया।

## भालूमाड़ा पुलिस ने बदरा में जुआरियों को दबोचा

**हरिभूमि न्यूज बदरा/जमुना।** पुलिस अधीक्षक मोती-उर-रहमान के निर्देशन मे जगन्नाथ मरकाम श्रीमति आरती शाक्य के मार्ग दर्शन में थाना भालूमाड़ा की टीम द्वारा संजय चौधरी घर के सामने खेत पर ग्राम बदरा थाना भालूमाडा में तीन लोग 52 ताश के पत्तो पर रुपयो पैसो से हार जीत का दाव लगाकर जुआ खेलते पकडे गये घेराबंदी कर जिनके कब्जे से 52 ताश के पत्ते व 1450 रू जप्त कर उनके विरुद्ध अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया। जप्त शुदा मशरूका 1450 रुपये के साथ रविन्द्र चौधरी पिता छेदूलाल चौधरी उम्र 35 साल निवासी बदरा, रामू गोंड पिता रामकिशन गोंड उम्र 28 साल निवासी बीमाग्राम बदरा, मोहम्मद रहीस पिता मो. अनीस उम्र 36 साल निवासी वार्ड न 15 लहसुई थाना कोतमा पकड़े गये।



**धनतेरस पर बाजार मे खूब हुई धनवर्षा**

## सराफा दुकानों में रही सबसे अधिक भीड़, पुलिस ने भी बरती सतर्कता

हरिभूमि न्यूज कोतमा

कोतमा एवं कोयलांचल तथा ग्रामीण क्षेत्र में धनतेरस पर जम कर खरीददारी हुई। बाजार में धन की बर्षा हुई। लोगों ने अपनी आवश्यकता और मान्यताओं को लेकर सामानों की खरीददारी की। लंबे समय के बाद बाजार में रौनक छाई रही। सोने-चांदी के सिक्के, जेवरात, लक्ष्मी-गणेश की मूर्ति की बिक्री हुई। बर्तन दुकान, इलेक्ट्रानिक प्रतिष्ठान, वाहनों के शो-रुम में भी ग्राहकों की भीड़ उमड़ी। झाड़ू, पूजा के सामान व अन्य सामानों की बिक्री को लेकर भी लोग बाजार पहुंचे। सुबह 10 बजे से ही खरीदारी का माहौल बनने लगा था, सुबह 10 बजे से ही लोग बाजार में पहुंचने लगे थे। दोपहर बाद ग्राहकों की संख्या बढ़ने लगी और देर रात तक खरीदी का दौर चलता रहा। गारमेंट, पूजन-सजावटी सामग्री, इलेक्ट्रॉनिक्स, रोजमर्रा की सामग्री और मिठाई-नमकीन की दुकानों पर भारी भींड़ देखी गई। लोग इस बार सजावट, रोशनी आइटम्स भी बड़ी संख्या में खरीद रहे हैं। गारमेंट में फैशन और परंपरागत ड्रेस पर फोकस कर रहे हैं।ग्राहकों की भीड़ देख कर दुकानदारों के चेहरे पर खुशी नजर आई। धनतेरस को लेकर बाजार गुलजार नजर आए। लंबे समय के बाद व्यवसायियों को इस बार अच्छा कारोबार देखने को मिला। इस बार धनतेरस को लेकर बाजार की रौनक देखते ही बन रही थी। ज्यादातर लोगों ने पहले से बुकिंग कराए गए सामान को अपने घर ले गए। धरतेरस के दिन कोतमा के बाजार मे जमकर धन की वर्षा हुई।



### सराफा दुकानों में रही सबसे अधिक भीड़

शनिवार को कोतमा नगर के सराफा दुकानो में सुबह 10:00 बजे से ही ग्राहकों की भीड़ नजर आई हर कोई मुहूर्त पर सामान लेकर अपने घर जाना चाह रहा था । सराफा दुकानों में ग्राहकों की लंबी कतार सुबह से लेकर देर रात तक लगी रही। सर्राफा व्यवसाई दीपक चंदेरिया मिंटू ने बताया कि इस बार धनतेरस को ग्राहकों ने जमकर सोने चांदी के आभूषण के साथ ही चांदी के सिक्के की खरीदारी की उन्होंने ग्राहकों की सुविधा के लिए दुकान में अलग-अलग काउंटर बनवाए थे जिससे ग्राहकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। कोतमा नगर के ऑटोमोबाइल शोरूम में भी सुबह से ही ग्राहक दो पहिया चार पहिया वाहन खरीदने के लिए पहुंच रहे थे सुबह से लेकर देर रात तक ग्राहकों की जमकर भीड़ देखी गई। चार पहिया वाहन के लिए लोगों ने पहले से ही बुकिंग कर ली थी बस शुभ मुहूर्त में वाहन को उठाना शेष था जो धनतेरस के दिन वाहन पूजा-अर्चना कर अपने घर ले गए। बजाज शोरूम के संचालक बद्री प्रसाद ताम्रकार ने बताया कि दोपहर 1 बजे से दो पहिया वाहनों की बिक्री शुरू हुई देर रात तक लगभग 30 वाहन की बिक्री हो चुकी है । उन्होंने बताया कि कुछ गाड़ियों की पहले से ही लोगों ने बुकिंग करके शुभ मुहूर्त में उठाने के लिए रखवा दी थी जिसे धनतेरस के दिन मुहूर्त देखकर ग्राहक अपना वाहन उठा ले गए।

### पुलिस भी रही चुस्त


धनतेरस पर्व को लेकर बर्तन व्यवसाय भी एक दिन पूर्व दुकानों में तैयारी बना लिए थे सुबह 10 बजे से दुकानदारी शुरू हुई जो देर रात तक ग्राहकों की भीड़ लगी रही। इलेक्ट्रॉनिक फर्नीचर कपड़े की दुकानों में भी सुबह से ही ग्राहकों की भीड़ नजर आई ग्राहकों ने जमकर धनतेरस के दिन खरीदारी की। धनतेरस के दिन मान्यता है कि झाड़ू एवं धनिया खरीदना शुभ माना जाता है ग्राहकों ने झाड़ू एवं धनिया खरीद कर अपने घर ले गए। लोगों ने फर्नीचर की भी जमकर खरीदारी की। बाजार में मिट्टी के दिए स्थानीय कुम्हार एवं शिल्पकारों के द्वारा नगर के गांधी चौक में दुकान सजा लिए थे लोगों ने लोकल फार वोकल के तहत मिट्टी के दीए की जमकर खरीदारी की। धनतेरस के दिन लोगों की भीड़ को देखते हुए नगर पालिका प्रशासन के द्वारा बाजार में बड़े वाहन प्रवेश न हो इसके लिए नगर के मुख्य जगहों पर बैरी गेट्स लगा कर रखे थे। त्योहार में शांति व्यवस्था बनी रहे इसके लिए थाना प्रभारी रत्नाम्बर शुक्ल के द्वारा बाजार के मुख्य जगहों पर पुलिस की ड्यूटी लगाई गई थी। थाना प्रभारी स्वयं धनतेरस के दिन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बाजार में घूमते नजर आए।

**राजनगर बाजार में उमड़ी भीड़**

## सर्राफा, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स सहित हर सेक्टर में हुई धनवर्षा

### नाव्या होंडा शोरूम में दिवाली धमाका, फाइनेंस की सुविधा सहित अनेक गिफ्ट

**हरिभूमि न्यूज़ राजनगर।** नगर परिषद बनगवां (राजनगर) क्षेत्र के अंतर्गत इस बार शनिवार को धनतेरस में बाजार सोने सा दमक उठा। धन की देवी मां लक्ष्मी हर सेक्टर पर मेहरबान दिखीं। सबसे ज्यादा धन की बारिश ज्वेलरी और ऑटोमोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स में हुई। खरीदारी को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह दिखा, सराफा, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक, मोबाइल, फर्निचर, बर्तन आदि सेक्टरों में धनतेरस पर करीब एक करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार हुआ। धनतेरस के दिन शनिवार की राजनगर में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी शहर का हर बाजार खरीदारों से भरा रहा। देर रात तक दुकानें खुली रहीं और ग्राहकों का तांता लगा रहा। सूत्रों के मुताबिक सबसे अधिक ऑटोमोबाइल्स, सोने चांदी और ज्वेलरी मार्केट में इलेक्ट्रोनिक्स सामान और बर्तन दुकानों में खरीद- बिक्री हुई। दीपावली के पर्व पर दुकानदारो ने सामान खरीदने पर कई गिफ्ट तथा 30 प्रतिशत तक की छूट दे रहे है।




### नाव्या होंडा राजनगर में दिवाली धमाका

राजनगर में एकमात्र मोटरसाइकिल शोरूम जो भारत की सबसे लोकप्रिय दो पहिया मोटरसाइकिल निर्माता कंपनी होंडा का दिपावली ऑफर के साथ उपलब्ध है। राजनगर शो रूम में सभी मॉडल के गाड़ियों के रेट में 6 से 8 हजार तक की जीएसटी की भारी छूट के साथ साथ सभी गाड़ियों में एक गिफ्ट सेट और एक होंडा का हाफ हेलमेट प्राप्त करें। इस सुनहरे अवसर का इस दिवाली के त्योहार में राजनगर क्षेत्र व आसपास ग्रामीण क्षेत्र के सभी लोगों के लिये इस ऑफ़र का लाभ उठाएं। नाव्या होंडा राजनगर में फाइनेंस सुविधा उपलब्ध है, मात्र आधार कार्ड पेन, कार्ड लेके आए और शो रूम से चमचमाती नई होंडा गाड़ी घर लेके जाए। न्यूनतम डाउन पेमेंट मात्र 9999 में गाड़ी प्राप्त करें।

### उपभोक्ताओं को 30 प्रतिशत तक की छूट

राजनगर बस स्टैंड तथा बाजार में नगर की सबसे पुरानी इलेक्ट्रिकल्स, व इलेक्ट्रॉनिक व फर्नीचर कि लोकप्रिय दुकान जायसवाल इलेक्ट्रॉनिक्स व सुनीता फर्नीचर्स का सिर्फ नाम ही काफी है। दुकान के संचालक आनंद जायसवाल, ने बताया कि हमारे यहां पर ब्रांडेड कंपनी के इलेक्ट्रॉनिक सामान, एलईडी टीवी, इनवर्टर, सोलर इनवर्टर, कूलर, फ्रिज, एसी, पंखा, कुर्सी, दीवान,सोफा सेट, आलमारी, मेज,टेबल, किफायती दरों पर उपलब्ध है, तथा दीपावली ऑफर में विशेष सामानो पर 30 प्रतिशत तक की छूट मिल रही है। ग्राहकों के घर तक होम डिलीवरी की भी सुविधा उपलब्ध है। उपभोक्ताओं के बेहतर सेवाएं मिल सके, उसके लिए हम प्रतिबद्ध हैं।

### चांदी के सिक्कों की रही मांग

नगर की प्रमुख सोना चांदी की दुकान शुभम ज्वेलर्स, वेंकट ज्वेलर्स, अंबे ज्वेलर्स, गायत्री ज्वेलर्स, पर सोना चांदी गहने ज्वेलरी के साथ चांदी के सिक्कों की विशेष मांग रही। देर रात तक सोना चांदी की दुकानों पर भीड़ रही। सोने की कीमत बढ़ने के बाद भी लोगों ने सोने के ज्वैलरी खरीदने में कमी नहीं की। कुल मिलाकर बाजार में ग्राहकों ने दिल खोलकर खरीदारी की। दीपावली के लिए भी सभी आभूषण विक्रेता संपूर्ण वैरायटी के साथ ग्राहकों की सेवा के लिए तत्पर है।

### सबसे ज्यादा हुई झाड़ू की खरीदारी'

धनतेरस को लोग नये झाड़ू की खरीदारी अनिवार्य तौर पर करते हैं। इस बार भी वैसा ही रहा। इस दिन झाड़ू की सबसे ज्यादा बिक्री हुई। दुकानों में 40 से लेकर 150 रुपये तक के झाड़ू उपलब्ध थे। मत्स्य पुराण के मुताबिक झाड़ू को मां लक्ष्मी का रूप माना जाता है। मान्यता है, कि इस दिन झाड़ू खरीदने से दरिद्रता दूर होती है। और समृद्धि आती है। धनतेरस के दिन झाड़ू खरीदने की परंपरा के कारण शुक्रवार को राजनगर के हर मार्ग से गुजरने वाले लोगों के साथों में झाड़ू दिख रहा था।

## तीन अलग-अलग स्थानों पर 17 जुआरी पुलिस गिरफ्त में



**हरिभूमि न्यूज राजनगर।** पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन में थाना रामनगर पुलिस द्वारा अवैध जुआ पर लगातार कार्रवाई जारी है। वार्ड 01, विशेषर दफाई से 5 आरोपी से 1070 और 52 ताश के पत्ते जप्त किया गया वही शासकीय माध्यमिक विद्यालय, रामनगर से 7 आरोपी पकड़े गये जिनसे 2030 सहित 52 ताश के पत्ते जप्त हुआ इसी तरह अभिनंदन भवन, राजनगर से 5 आरोपी 2150 और 52 ताश के पत्तों के साथ दबोचे गये। सभी मामलों में जप्ती व तलाशी के वीडियोग्राफी की गई, गवाहों के बयान दर्ज किए गए, और आरोपीगणों को न्यायालय में उपस्थित होने के लिए नोटिस जारी किया गया। थाना प्रभारी रामनगर ने कहा कि "आने वाले दिनों में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार अवैध जुआ और अन्य आपराधिक गतिविधियों पर सख्त निगरानी व कार्यवाही जारी रहेगी।"

## रोशनी, रंगोली और रौनक से जगमगाया शहर

**डिंडोरी।** बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में उत्साह चरम पर है।त्योहार को लेकर जिले के प्रमुख बाजारों गांधी चौक, बस स्टैंड क्षेत्र, और अन्य स्थानों पर भारी भीड़ उमड़ रही है। मिठाई, कपड़े, पटाखे, सजावटी सामान और इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकानों में ग्राहकों की खूब आवाजाही देखी जा रही है। व्यापारियों के चेहरे पर भी इस बार अच्छी बिक्री की उम्मीद नजर आ रही है। जिला कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के निर्देशानुसार प्रशासन द्वारा सुरक्षा और स्वच्छता के विशेष इंतज़ाम किए गए हैं। शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है। साथ ही, पटाखा विक्रेताओं को केवल निर्धारित स्थानों पर दुकानें लगाने और सुरक्षा नियमों का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं।नगर परिषद द्वारा शहर की साफ-सफाई के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### उर्वरकों के संतुलित मात्रा में उपयोग हेतु कृषकों को सलाह

**शहडोल।** उपसंचालक कृषि ने बताया है कि रबी फसल के लिए किसानों द्वारा फसलों की बुवाई हेतु उर्वरकों का उठाव किया जा रहा है। किसानों को जानकारी दी गई है कि एस.एस. पी. उर्वरक में पौधों के लिए आवश्यक फॉस्फोरस, सल्फर और कैल्शियम तत्व पाये जाते हैं, जो सभी फसलों के लिए उपयुक्त है। 20.20.0.13 उर्वरक (अमोनियम फॉस्फेट सल्फेट) के कई लाभ हैं, जिसमें नाइट्रोजन, फॉस्फोरस, सल्फर पाया जाता है, जो तिलहनी फसलों में तेल की मात्रा के साथ उपज व गुणवत्ता दोनों को सुधारता है। टी.एस.पी. में फास्फोरस एवं कैल्शियम होता है जो पौधों के लिए एक अतिरिक्त पोषक तत्व है। कृषकों को डी.ए.पी. के विकल्प के रूप में 20:20:13, एस.एस.पी., टी.एस.पी. उर्वरकों के उपयोग करने की सलाह दी गई है। यह उर्वरक जिले में उपलब्ध है। डी.ए.पी. से नाईट्रोजन एवं फास्फोरस के अलावा अन्य पोषक तत्व फसलों को नहीं मिलते हैं जबकि एन.पी. के. उर्वरकों में नाईट्रोजन, फास्फोरस के साथ पोटाश तत्व भी पाया जाता है।

### ट्रैक्टर की टक्कर लगने से पुल के नीचे गिरा युवक

**उमरियापान।** ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर लगने से एक युवक नदी के पुल से नीचे जा गिरा। गंभीर चोट लगने से उसकी जान चली गई। घटना सिलौंड़ी पुलिस चौकी के डाला धनवाही के बीच दतला नदी के पुल की है। घटना के बाद से चालक फरार हैं। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुटी हुई हैं। चौकी प्रभारी विष्णु शंकर जायसवाल ने बताया कि डाला निवासी सुरेंद्र उर्फ सोनू पिता प्रेमलाल बर्मन 30 शुक्रवार शाम को खेत से वापस लौट रहा था। करीब 8 बजे डाला-धनवाही के बीच दतला नदी के पुल के ऊपर खड़ा था। सामने से आ रहे ट्रैक्टर चालक ने टक्कर मार दी। युवक पुल के नीचे गिर गया। युवक को गंभीर चोटें आई। सूचना पर ग्रामीणों ने उमरियापान अस्तपाल में भर्ती कराया, जहा डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शनिवार को युवक का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

### जलाशय की नहर हुई हुई क्षतिग्रस्त, किसान परेशान

**उमरियापान।** ग्रामीण क्षेत्र के किसानों के लिए जीवनरेखा कही जाने वाली चंदौल जलाशय की नहर पिछले दो वर्षों से क्षतिग्रस्त पड़ी है। जिससे सैकड़ों किसानों के खेतों तक सिंचाई का पानी नहीं पहुंच पा रहा है। नहर के टूटे होने के कारण जल प्रवाह बीच से ही बह जाता है। किसान बारिश के भरोसे फसल बोने को मजबूर हैं। किसानों ने बताया चन्दोल से उमरियापान कुदवारी जाने वाली नहर जलाशय से मुराही के बीच दो अलग अलग जगहों से नहर क्षतिग्रस्त हो गई है। लंबे से नहर खराब होने से किसानों को परेशानी बढ़ती जा रही है। धान की फसल के बाद किसान दलहनी तिलहन की फसलों की बुवाई करेगा। किसानों की पानी की जरूरत पड़ेगी, लेकिन नहर क्षतिग्रस्त होने के कारण किसानों के खेतों तक पानी नहीं पहुंचेगा। ऐसे में किसान अभी से चिंता में है। किसानों का कहना है कि कई बार विभागीय अधिकारियों को नहर की मरम्मत हेतु अवगत कराया गया लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। स्थिति यह है कि खरीफ और रबी दोनों सीजन में खेत सूखे रहते हैं, जिससे उत्पादन पर गहरा असर पड़ा है।

### पटाखा बाजार का आयुक्त ने किया निरीक्षण

**कटनी।** निगमायुक्त सुश्री परिहार द्वारा कटाएघाट रिवर फंट के निर्माणाधीन कार्यो के निरीक्षण उपरांत द्वारका सिटी के पीछे लगाये जानें वाले पटाखा बाजार में निगम प्रशासन की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर फायर ब्रिगेड एवं सुरक्षा के आवश्यक इंतजाम चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए। इस दौरान राजस्व अधिकारी श्री जागेश्वर पाठक नें बताया कि इस वर्ष द्वारका सिटी में 59 दुकानें, माधवनगर में 31 तथा एनकेजे में 23 दुकानें कुल 113 दुकानें लगाई जानी है। प्रति दुकान 560 रुपये प्रतिदिन के मान से किराया लिया जा रहा है।

## ग्रामवासियों ने मृतक के शव को सड़क पर रखकर किया चक्काजाम

# ट्रक की चपेट में आने से वृद्ध महिला की मौत





### पुलिस ने चालक के विरुद्ध किया मामला दर्ज

**बूढ़ार।**

दीवाली के एक दिन पहले रविवार को धनपुरी मार्ग कालेज तिराहे के सामने एक 60 वर्षीय महिला ट्रक की चपेट में आने से घटनास्थल पर दम तोड दिया है जिसकी सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच कर चालक को गिरफ्तार कर मामला दर्ज किया है।

इस संबंध में पुलिस ने बताया कि रविवार की मृतक शिव कुमारी सेन उम्र 60 वर्ष हमेशा की तरह सुबह 10 बजे ग्रह ग्राम सरई कापा से मालिश करने बुढार आ रही थी कालेज तिराहे के पास रोड़ पार करते समय पीछे से आ रहे ट्रक क्रमांक सीपीके 1091 के चालक राम नाथ कोल पिता लक्ष्छु तेज़ रफ़्तार लापरवाही पूर्वक वाहन के चलते हुए ठोकर मार दी मृतक का शरीर पिछले चक्के में फंसकर दव गया और मृतक का सिर चपट गया और मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने चालक के विरुद्ध बीएन एस एवं मोटर व्हीकल की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### चक्काजाम कर किया विरोध प्रदर्शन

दोपहर लगभग 12 बजे सड़क दुघर्टना के बाद ग्राम वासियों एवं मृतक के परिजनों ने सड़क पर शव रखकर चालक की गिरफ्तारी एवं आर्थिक सहयोग की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन करने लगे लगभग डेढ़ घंटे मार्ग अवरुद्ध रहा देखते ही देखते कालेज तिराहे पुलिस छावनी में तब्दील हो गया कुछ देर बाद प्रदर्शन कर लोगों से पुलिस प्रशासन ने बात चीत की और उन्हें सहयोग राशि प्रदान करने की बात से आपसी सहमति से मामला शांत हुआ।

# आदि कर्मयोगी अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने पर संभागीय उपायुक्त सम्मानित

**आदि कर्मयोगी अभियान के क्रियान्वयन में देश के पांच सर्वश्रेष्ठ राज्यों में मध्यप्रदेश ने अपना स्थान बनाया।**

**शहडोल।**

दिल्ली के विज्ञान भवन में 17 अक्टूबर को आयोजित नेशनल कांन्क्लेव ऑन आदि कर्मयोगी अभियान मे राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने प्रमुख सचिव, जनजाति कार्य विभाग गुलशन बामरा को एवं अन्य लोगों को इस अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं अनुकरणीय योगदान के लिए पुरूस्कार से सम्मानित किया।

मध्यप्रदेश में विभिन्न केटेगरियों मे सम्मान प्राप्त हुए। बेस्ट परफॉमर डिस्ट्रिक्ट के लिए बैतूल, धार, खरगोन, बड़वानी को सम्मान प्राप्त हुआ। बेस्ट सुपर कोच और स्टेट मास्टर ट्रेनर के लिए संभागीय उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग जे.पी. यादव को सम्मानित किया गया।

उल्लेखनीय है कि जनजातीय बाहुल्य ग्रामों को उन्नत बनाने, जनजाति के लोगों को सरकार की विभिन्न योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ मिल सके तथा वे विकसित रूप से देश की मुख्य धारा में शामिल हो सकें, इस हेतु प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आदि कर्मयोगी अभियान- रेस्पॉन्सिव गवर्नेस प्रोग्राम पूरे देश में प्रारंभ किया गया। इस अभियान के तहत विभिन्न स्तरों पर प्रशिक्षण प्रोग्राम आयोजित कर योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए चेंज लीडर तैयार किए गए। 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर के बीच जनजातीय बाहुल्य ग्रामों मे भ्रमण कर लोगों से संपर्क किया, गांव की तथा गांव के लोगों की समस्याओं को जाना तथा सूचीबद्ध कर ग्राम विजऩ प्लान 2030 तैयार किया गया।

# पैसों को लेकर हुए विवाद में की थी युवक की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

एक युवक की हत्या के मामले में माधवनगर पुलिस ने पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। हत्या की मुख्य वजह पैसों के लेन देन को लेकर थी। पुलिस के अनुसार स्टेशन मास्टर निवार के द्वारा थाना जी.आर.पी कटनी को अज्ञात मृतक के शव जो कि अप ट्रेक कटनी जबलपुर ट्रेक पर मृत अवस्था में पाये जाने पर घटना की सूचना दी गई जो अज्ञात मृतक की पहचाना छोटू और सुर्नल प्यासी पिता स्व. बाबूलाल प्यासी 35 साल नि. घुघरा चौकी निवार थाना माधवनगर के रूप में पहचान स्थापित की गई। जी.आर.पी कटनी के द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर मर्ग पंचनामा कार्यवाही की गई। मर्ग जांच पर ने थाना जीआरपी कटनी के द्वारा घटना स्थल चौकी निवार थाना माधवनगर का पाये जाने से जीरो पर अपराध क्रमांक 0/25 धारा 103(1),238, 3(5) बीएनएस का पंजीबद्ध किया गया एवं घटनास्थल ग्राम घुघरा का होने जान से प्रकरण की डायरी पुलिस अधीक्षक के माध्यम से थाना माधव नगर प्राप्त होने पर थाना माधव नागार में अल नंबरी अपराध क्रमांक 624/25 धारा 103(1),238, 3(5) बीएनएस का पंजीबद किया जाकर विवेचना लिया गया।

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डा. संतोष डेहरिया नेतृ व एवं नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में एक टीम का गठन किया गया जिसमें निरीक्षक संजय दुबे, सउनि अंजनी मिश्रा, सउनि कमलेश्वर शुक्ला. प्र.आर मनीष आसैया, आर. अरविंद कुशवाहा के द्वारा प्रकरण में संदेही लखन यादव नि. घुघरा के मध्य किराना के सामान लेने के बाद पैसे न देने की बात पर से विवाद हुआ था तथा मृतक के द्वारा लखन यादव के साथ वाद विवाद किया गया था जिस पर से लखन यादव के द्वारा उसके अन्य साथियों के साथ चौकी निवार जाकर इस विवाद के संबंध में जानकारी देकर रिपोर्ट लेख कराई थी।

उक्त दिनांक का ही जब लखन यादव, हृदय यादव, चन्नू उर्फ शिवचरण यादव, आशीष मिश्रा जब वापस आ रहे थे तब रास्ते पर निक्की उर्फ निखिल कुशवाहा मिला जिससे साथ में घुघरा चलने बोले तो पांचों लोग मोटर सायकल से घुघरा के ये निकले घुघरा रोड पुलिया के आगे मृतक छोटू उर्फ सुनील प्यासी गॅड लिए रोड पर खड़ा था और प्रतक लखन। त्रम उसके अन्य साथियों को रिपोर्ट करने के बाद गांव में देख लेने की धमकी दे रहा था तो डर के मारे हम सभी पांचो वापस बंद बर्न फैक्ट्री पहुंचकर बर्न फैक्ट्री से पांचों लोग लाठी लेकर गए, छोटू उर्फ सुनील प्यासी वहीं पर खड़ा दिखा तो पांचो आरोपीगण द्वारा छोटू प्यासी को खदेड़ने लगे।

मृतक छोटू प्यासी का पीछा कर सुरेंद्र दग्मान नि. घुघरा खेत के में मृतक को घेरकर पांचो आरोपीगण द्वारा मृतक के सिर, हाथ, पीठ पर डंडों से मारपीट हत्या कर दी वहीं पास में बाडी में लगी हुई साड़ी से छोटू और सुनील प्यासी के हाथ पैर बांधकर आरोपीगण द्वारा उठाकर कटनी से जबलपुर रेलवे अप लाइन के बीच में फेंककर चले गए।

आरोपीगण लखन यादव, हृदय यादव, चन्नू उर्फ शिवचरण यादव, आशीष मिश्रा निवासी घुघरा एवं निक्की उर्फ निखिल कुशवाहा निवासी निवार के द्वारा उक्त घटना के संबंध में पुलिस के समक्ष अपराध कारित करना स्वीकार किया गया है जिस पर से सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। कार्यवाही में निरीक्षक संजय दुबे, सउनि अंजनी मिश्रा, सउनि कमलेश्वर शुक्ला. प्र.आर मनीष आर अरविंद कुशवाहा एवं सायबर सेल की सराहनीय भूमिका रही।

## अव्यवस्थाओं पर जताई कड़ी नाराजगी

# उप मुख्यमंत्री ने किया जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण

**शहडोल।**



उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने रविवार को शहडोल पहुंचकर कुशाभाऊ ठाकरे जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं, उपकरणों, साफ-सफाई और मरीजों को मिल रही सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कई कमियां सामने आने पर उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए सुधार के निर्देश दिए।

निरीक्षण के बाद आयोजित समीक्षा बैठक में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि 300 बिस्तरीय जिला अस्पताल को अब 500 बिस्तरीय अस्पताल में उन्नत करना समय की आवश्यकता है, क्योंकि बढ़ती आबादी और मरीजों की संख्या के हिसाब से वर्तमान क्षमता अपर्याप्त है। उन्होंने अधिकारियों को प्रस्ताव तैयार कर शीघ्र शासन को भेजने के निर्देश दिए।

श्री शुक्ल ने जिले में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर (आईएमआर) पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इन संकेतकों में सुधार के लिए स्वास्थ्य विभाग को **युद्धस्तर पर काम करना होगा। उन्होंने मातृ स्वास्थ्य, नवजात शिशु देखभाल और आपातकालीन सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाकर तत्काल अमल शुरू करने को कहा।

निरीक्षण के दौरान उप मुख्यमंत्री ने अस्पताल की अव्यवस्थाओं पर नाराजगी जताते हुए कहा कि मरीजों को बेहतर सेवाएँ मिलनी चाहिए, लापरवाही और अनियमितता किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिए कि स्टाफ समय पर ड्यूटी पर उपस्थित रहे, वार्डों की साफ-सफाई और दवा वितरण व्यवस्था दुरुस्त की जाए।

इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने उप मुख्यमंत्री के सामने डॉक्टरों द्वारा इलाज के नाम पर पैसों की मांग किए जाने की शिकायत रखी। इस पर श्री शुक्ल ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि चिकित्सक मरीजों से संवेदनशील व्यवहार करें, किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार या अनैतिक मांग सामने आई तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को ऐसे मामलों की तुरंत जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन का उद्देश्य आमजन को निःशुल्क और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराना है, और इस दिशा में किसी भी प्रकार की कोताही स्वीकार्य नहीं होगी। श्री शुक्ल के इस औचक निरीक्षण के बाद जिला अस्पताल प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग में हडक़ंप मच गया है। उम्मीद की जा रही है कि उनके निर्देशों के बाद अस्पताल की व्यवस्थाओं में जल्द सुधार देखने को मिलेगा।

# महाविद्यालय बड़वारा में बेविनार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

शासकीय महाविद्यालय बड़वारा के शारीरिक शिक्षा एवं क्रीड़ा विभाग, जंतु विज्ञान विभाग तथा भौतिक शास्त्र विभाग द्वारा रोजगार परक शिक्षा के विविध आयाम विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया गया। वेबीनार की शुरुआत वेबीनार के संयोजक डॉ. आदित्य गढ़ेवाल, क्रीड़ा अधिकारी, शासकीय महाविद्यालय बड़वारा ने उपस्थित अतिथियों, विषय विशेषज्ञों एवं प्रतिभागियों के स्वागत के साथ की। वेबीनार की मुख्य अतिथि डॉ. चित्रा प्रभात, प्राचार्य, शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी ने वेबीनार हेतु शुभकामनाएं दीं साथ ही रोजगार परक शिक्षा के विषय में भी आवश्यक जानकारियाँ साझा कीं । डॉ. सुधीर कुमार खरे, प्राध्यापक, शासकीय तिलक स्नातकोत्तर (अग्रणी) महाविद्यालय कटनी ने भी राष्ट्रीय शिक्षा नीति में रोजगार की अवधारणा के बारे में चर्चा की । महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष सोनेलाल साहू ने भी कार्यक्रम में वर्चुअल उपस्थित होकर वेबीनार की सफलता हेतु शुभकामनाएं दी। वेबीनार के संरक्षक एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एल.के.सिंह ने भी अतिथियों का स्वागत किया एवं शिक्षा में रोजगार के आयाम से संबंधित विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। वेबीनार के मुख्य वक्ता के रूप में पहले सत्र के विषय विशेषज्ञ डॉ. विनोद कुमार श्रीवास्तव, प्राध्यापक, डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या, (उ.प्र.) से हमारे साथ जुड़े हुए थे। उन्होंने शिक्षा में रोजगार के विभिन्न पहलुओं पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने स्वरोजगार के बारे में विस्तृत चर्चा की । दूसरे सत्र की प्रमुख वक्ता डॉ. चंद्रवती निराला, सहा. प्राध्यापक, गुरु घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर (छ.ग.) से हमारे बीच शामिल हुई। उन्होंने भी रोजगार परक शिक्षा के विविध आयामों के सम्बन्ध में व्याख्यान दिया। निराला जी ने बताया कि किन किन क्षेत्रों में रोजगार के अवसर प्राप्त किए जा सकते हैं । इन सभी जानकारियों से वेबीनार में जुड़े समस्त प्रतिभागी, शोधार्थी एवं छात्र-छात्राएं लाभान्वित हुए। इस कार्यक्रम के लिए देश के विभिन्न राज्यों के 393 प्रतिभागियों ने पंजीयन कराया था। कार्यक्रम में शामिल होने वाले सभी प्रतिभागियों को ई-प्रमाणपत्र प्रदान किए जा रहे हैं। साथ ही उक्त वेबीनार अंतर्गत प्रकाशित होने वाली स्मारिका में शोध पत्र भी प्रकाशित किए जाएंगे। कार्यक्रम का संचालन वेबीनार के संयोजक डॉ. आदित्य गढ़ेवाल, क्रीड़ा अधिकारी ने किया।

**स्वीकृत पदों की नहीं हो रही पूर्ति, महिला अधिकारी भी नहीं**

# बल की कमी से जूझ रहा थाना, 15 पुलिस कर्मियों के भरोसे है 64 गांवों की सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विजयराघवगढ़

विजयराघवगढ़ थाना बल की कमी से जूझ रहा है। एक तरफ पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा थाना प्रभारियों को लगातार अपराधिक गतिविधियों में अंकुश लगाने और सतत गश्त करने के निर्देश दिए जा रहे हैं तो वहीं कुछ थाने ऐसे हैं जहां पर्याप्त स्टॉफ न होने की वजह से कानून व्यवस्था पूरी तरह डांवाडोल है।

विजयराघवगढ़ थाने की बात करें तो यहां लंबे समय से स्टॉफ की कमी है। क्षेत्र में चोरी सहित अन्य अपराधिक घटनाएं होने पर कार्यवाही करने में स्टॉफ को खासी मशक्कत करनी पड़ती है।

विजयराघवगढ़ थाना में 36 पद स्वीकृत हैं जिनमें से थाना प्रभारी निरीक्षक रितेश शर्मा के अलावा कुल 15 का स्टाफ ही तैनात है। उपनिरीक्षक के स्वीकृत पद 3 हैं जिनमें से 2 की तैनाती, सहायक उपनिरीक्षक के स्वीकृत पद 7 हैं जिनमें से 3 की तैनाती, प्रधान आरक्षक के 9 स्वीकृत पदों में कुल 2 की तैनाती, आरक्षक के 17 स्वीकृत पदों में से कुल 8 की तैनाती है। ऐसे में क्षेत्र की कानून और सुरक्षा व्यवस्था किस हद तक बेहतर बन सकेगी इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है

थाना क्षेत्र 40 किलोमीटर की दूरी तक है। इस थाने के जिम्मे 64 गांवों की सुरक्षा है लेकिन बल की कमी पूरी व्यवस्था और पूरे दिशा निर्देशों पर पानी फेरने का ही काम कर रही है। किसी बड़े घटना क्रम या पर्वों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए तैनात पुलिस कर्मी महज रस्म अदायगी ही साबित हो कर रह जाते हैं।

वाद विवाद की स्थिति निर्मित होने या किसी अन्य अपराधिक इवेंट की सूचना मिलने कर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच सके इसके लिए थाने को दो डॉयल 112 दिए गए हैं जो महज मजाक ही साबित हो रहे हैं। पुलिस कर्मियों के अभाव के कारण एफआरव्ही की सुविधा भी ढकोसला नजर आ रही है तो वहीं ग्रामीण भी इस व्यवस्था को देखकर खुद को ठगा सा महसूस करते हैं।

सबसे बड़ी समस्या जो सामने आई है वह यह है कि थाने में एक भी महिला अधिकारी नहीं है जबकि महिला डेस्क की स्थापना थाने में है। महिला संबंधी अपराध घटित होने पर पीड़ित पक्ष को उस समय और पीड़ित होना पड़ता है जब महिला अधिकारी की तैनाती संबंधित थाने में न होने के कारण कटनी महिला थाने की राह पकड़ना पड़ता है। अनुविभाग में विजयराघवगढ़, कैमोर, बरही ये तीन थाने हैं लेकिन किसी भी थाने में महिला अधिकारी नहीं है। नियमानुसार महिला, बालिकाओं से सम्बन्धित अपराधों में एफआईआर, बयान आदि महिला अधिकारी ही ले सकती है लेकिन यहां एक भी महिला अधिकारी की तैनाती नहीं है। गाहे बगाहे विजयराघवगढ़ थाने में एक सहायक उपनिरीक्षक महिला पदस्थ थीं जिनका कुछ दिन पूर्व ही मैहर स्थानांतरण हो चुका है। अब उनके स्थान पर किसी महिला अधिकारी को तैनात नहीं किया गया जिससे व्यवस्था पर सवाल खड़े होना लाजिमी ही है।

## सायना स्कूल में मनाया गया वार्षिकोत्सव, हुए रंगारंग कार्यक्रम

# विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति से किया मंत्रमुग्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सायना इंटरनेशनल स्कूल का 18 वां वार्षिकोत्सव श्री राम प्रताप महरोत्रा डायरेक्टर इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड, दिल्ली के मुख्य आतिथ्य एवं चेयरपर्सन डॉ. निधि पाठक के विशिष्ट आतिथ्य व प्राचार्य डॉ. आदित्य कुमार शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की भव्यता विधायक संजय पाठक के आगमन से और बढ़ गई।

इस उत्सव में विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में सायना ग्रुप के वाइस चेयरमेन मि. यश पाठक, श्रीमती अनुकृति पाठक एवं अतिशा पाठक की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों के स्वागतोपरांत सायना की चेयरपर्सन डॉ.श्रीमती निधि पाठक ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहा कि सायना की प्रगति का आधार बच्चे, शिक्षक एवं अभिभावक हैं और सायना प्रबंधन बच्चों के चतुर्दिक विकास के लिए लगातार प्रयासरत है। हम देश सेवा के मार्ग को सर्वोपरि मानते हुए सायना सैनिक स्कूल के माध्यम से कैडिटों को उच्च गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान कर रहे हैं।सायना के प्राचार्य डॉ0 आदित्य कुमार शर्मा ने वार्षिक स्कूल रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए शालेय गतिविधियों से सभी को परिचित कराया। मुख्य अतिथि ने अपने प्रेरणास्पद उद्बोधन में कहा कि कठिन परिश्रम एवं दृढ़ इच्छाशक्ति से ही मनुष्य अपने लक्ष्य को प्राप्त करता है।

# तिलक वार्ड में 38 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नागरिकों की आवश्यकताओं एवं मूलभूत सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए नगर के प्रत्येक वार्डों में सड़क, नाली, पेवर ब्लाक सहित अन्य आवश्यक विकास कार्यो का सिलसिला जारी है। ये सभी कार्य नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं प्रदान करेंगे तथा शहरी आधारभूत ढांचे को मजबूती मिलेगी। उक्त उद्गार महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने बाल गंगाधर तिलक वार्ड में 38 लाख 26 हजार रुपये से होनें वाले विकास कार्यो के भूमिपूजन के दौरान व्यक्त किये।

## खबर संक्षेप

### उप मुख्यमंत्री ने पूर्व मंत्री के पुत्र के निधन पर व्यक्त किया शोक



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने आज अनूपपुर जिले के प्रवास के दौरान ग्राम पंचायत परासी में पूर्व मंत्री एवं विधायक अनूपपुर बिसाहूलाल सिंह के पुत्र अमृतलाल सिंह के निधन पर गहन शोक व्यक्त किया है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। इस अवसर पर विंध्य विकास प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष अनिल गुप्ता, राम दास पुरी, पूर्व जनपद अध्यक्ष पुष्पराजगढ़ हीरा सिंह श्याम सहित अन्य जनप्रतिनिधि, पत्रकारगण मौजूद रहे।

### पूर्व उपसरपंच शिवदयाल सिंह को पितृ शोक



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जिला मुख्यालय से सटे ग्राम बरबसपुर के पूर्व उपसरपंच व प्रतिष्ठित समाजसेवी शिवदयाल सिंह के पिता श्री नारायण सिंह का 17 अक्टूबर की रात रायपुर अस्पताल में इलाज के दौरान देवलोकगमन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार 18 अक्टूबर को सोन नदी मुक्तिधाम में किया गया। इस दौरान लोगों ने पहुंचकर मृतात्मा की शांति व पीडित परिवार को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने ईश्वर से कामना की। ज्ञात हो कि शिवदयाल सिंह, भगवती सिंह, प्रकाश सिंह तथा विष्णु सिंह के स्व. श्री नारायण सिंह पूज्य पिताश्री थे। स्व. श्री नारायण सिंह क्षेत्र के प्रतिष्ठित नागरिक व समाजसेवी होने के साथ ही मृदुभाषी व सरल सहज स्वभाव के धनी थे। श्री नारायण सिंह के निधन से ग्राम सहित आसपास के क्षेत्र मे शोक व्याप्त है। दुखद निधन के संबंध मे 19 अक्टूबर के अंक मे त्रुटिवश स्व. श्री नारायण सिंह की जगह उनके पुत्र शिवदयाल सिंह के निधन की खबर भूलवश प्रकाशित हो गई थी।

### कछारी माल पंचायत में भ्रष्टाचार की जांच रिपोर्ट मांगने पहुंचे ग्रामीण

**शहपुरा।** जनपद पंचायत शहपुरा की ग्राम पंचायत कछारी माल में शासकीय धनराशि के दुरुपयोग और भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर आज ग्रामीणों ने जिला मुख्यालय पहुंचकर जनसुनवाई में अपनी आवाज बुलंद की। ग्रामीणों ने कलेक्टर महोदया से जांच प्रतिवेदन एवं पंचनामा की सत्य प्रतिलिपि उपलब्ध कराने की मांग की, ताकि भ्रष्टाचार की वास्तविक स्थिति जनता के सामने आ सके।ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत में निर्माण कार्यों, पुताई और अन्य शासकीय योजनाओं में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की गई है। इस संबंध में दिनांक 26 अगस्त 2025 को कलेक्टर डिंडौरी, सीईओ जिला पंचायत एवं एसडीएम शहपुरा को शिकायत दी गई थी। इसके बाद जिला स्तर एवं जनपद स्तर पर दो अलग-अलग जांच टीमें गठित की गई थीं ।ग्रामीणों का आरोप है कि जांच के बाद भी अब तक न तो किसी दोषी पर कार्रवाई हुई है, न ही जांच रिपोर्ट और पंचनामा की प्रति आवेदकों को दी गई है। ग्रामीणों ने कहा कि जांच केवल कागजों में सीमित है, भ्रष्टाचारियों को बचाने की कोशिश की जा रही है।

**जनसुनवाई में जताया रोष - प्रशासन को दी चेतावनी**
ग्रामीणों ने जनसुनवाई में चेतावनी दी कि यदि शीघ्र जांच रिपोर्ट की प्रति नहीं दी गई और दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई, तो वे उमरिया रोड (राज्य मार्ग 11) पर धरना एवं चक्का जाम करने को बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। पेसा ग्राम सभा अध्यक्ष भारत सिंह टेकाम एवं श्याम सिंह टेकाम ने कहा कि हम केवल पारदर्शिता और न्याय की मांग कर रहे हैं। जब जांच हो चुकी है, तो रिपोर्ट जनता से क्यों छिपाई जा रही है?ग्रामीणों के इस विरोध और जनसुनवाई में दिए गए।

## दीपावली आज, घर-घर होगा लक्ष्मी पूजन

# दीपमाला और रंगीन रोशनियों से सजे घर-बाजार

### पुलिस भी दिखी चुस्त-दुरूस्त

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

धन की देवी लक्ष्मी का पर्व दीपावली सोमवार को कोतमा एवं कोयलांचल तथा ग्रामीण क्षेत्र मे धूमधाम से मनाया जाएगा। घर-घर और दुकानों -प्रतिष्ठानों में मां लक्ष्मी का पूजन कर आरती की जाएगी। घर-परिवार के सदस्य लक्ष्मी पूजन के श्रेष्ठ मुहूर्त में मां लक्ष्मी का पूजन कर लक्ष्मी की कृपा और सुख -समृद्धि की कामना करेंगे। इस दौरान महासरस्वती, महाकाली और कुबेर का भी पूजन किया जाएगा। लक्ष्मी पूजन के लिए बुधवार को घरों में तैयारियां चलती रही। वहीं बाजारों में खरीदारी का दौर चलता रहा। घरों में लक्ष्मी पूजन स्थलों को रंग -बिरंगी रोशनियों और सजावटी सामना से सजाया गया है। नगर के बाजार में लक्ष्मी पूजन के लिए चना, बीज, मक्खनदाना, लक्ष्मी जी की, मिट्टी से बनी प्रतिमा, दीपक सहित विभिन्न पूजन सामग्री खरीदने का दौर चलता रहा।

### रंगीन रोशनियों से सजे घर-बाजार

दीपावली को लेकर घर-घर और दुकानें -प्रतिष्ठान दीपमाला और रंगीन रोशनियों से सज गए है। घरों, बाजारों, मोहल्लों और हैरिटेज इमारतों को दूधिया प्रकाश से रोशन किए गए है। मंदिरों को भी रंगीन रोशनियों से सजाया गया है। दीपोत्सव के दौरान धनतेरस से प्रतिदिन शाम के समय घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों और मंदिरों में दीपदान का क्रम चल रहा है। नगर के बाजारों में भव्य सजावट और आकर्षक रोशनी की गई है।

### घर -घर में बने पकवान

मां लक्ष्मी के पूजन और स्वागत में घर-घर में विविध पकवान तैयार किए जा रहे है। शनिवार को घर-परिवार की महिलाएं मावा, मैदा, बेसन, काजू, किसमिस, बादाम, केसर, चीनी, अजवायन, छेना आदि से पकवान और मिठाईयां बनाने में व्यस्त रही।







सोमवार को लक्ष्मी पूजन के दौरान इन पकवानों और मिठाइयों का भोग लक्ष्मीजी को अर्पित किया जाएगा वहीं लक्ष्मी पूजन के दौरान दूध, केशर, चीनी, पंचमेवा से बनी खीर तथा मैदा से बने खाजा का विशेष भोग अर्पित किया जाएगा।

बाजारों में भीड़, खरीदारी परवान पर

दीपावली को लेकर रविवार को जिला मुख्यालय सहित कोतमा व मैकलांचल के बाजारों में खरीददारो की भीड़ रही। कोतमा के गांधी चौक स्टेशन चौक पुराना अस्पताल रोड पुराना स्टेट बैंक रोड महावीर मार्ग आजाद चौक गुरुद्वारा रोड में सुबह से ही बाजार सज गए थे लाई बताशा फूल माला फल फूल पूजन सामग्री सहित सजावट के समानो की खरीदारी बाजार में परवान पर रही। लोगों ने लक्ष्मी पूजन सामग्री सहित मिठाईयां, नमकीन, घरेलू उपयोग सामान, सजावटी सामान, वस्त्र, जूते, चप्पल, सौन्दर्य प्रसाधान सामग्री, रंग बिरंगी लाइटें आदि खरीदारी चलती रही।

### अन्नकूट व गोवर्धन पूजन

पांच दिवसीय दीपोत्सव में 22 अक्टूबर को अन्नकूट और गोवर्धन पूजन का आयोजन होगा। घरों के मुख्य द्वार के आगे राती मिट्टी व गोबर से गोवर्धन की अनुकृति चित्रित कर विविध पूजन सामग्री से पूजन कर घर-परिवार की सुख -समृद्धि की कामना की जाएगी। पंडित अमन पाण्डेय के अनुसार इस दिन गोवर्धन पर्वत का भी पूजन करने का विधान है। इसे अन्नकूट उत्सव भी कहते है। दीपोत्सव के आखिरी दिन 23 अक्टूबर को यम द्वितीया अर्थात भाईदूज पर्व मनाया जाएगा। बहनें अपने भाईयों की दीर्घायु और खुशहाल जीवन की कामना को लेकर भाईयों के ललाट पर कुमकुम अक्षत तिलक कर मुंह मीठा करवाएगी।

### मनाया रूप चतुर्दशी पर्व

दीपोत्सव के दूसरे दिन रविवार को रूप चतुर्दशी पर्व मनाया गया। लोगों ने अपने रूप में निखार के लिए तेल उबटन किया। महिलाएं सजने -संवरने के लिए ब्यूटी पार्लर पहुंची। इसे छोटी दीपावली भी कहा जाता है। नरक चतुर्दशी के रूप में भी इस दिन की पहचान है। घर-घर में महिलाओं ने अपने रूप में निखार के लिए कई जतन किए और सज संवरकर तैयार हुई। कोतमा नगर व ग्रामीण क्षेत्र मैं घर के सामने पटा रखकर बच्चों का उबटन करते हुए उन्हें स्नान करवाया गया।

### कलम-दवात, गणेश और कुबेर का पूजन

दीपावली के दिन भगवान गणेश, कुबेर, महालक्ष्मी तथा कलम -दवात के पूजन का विशेष महत्व है। पंडित अमन पाण्डेय के अनुसार इस अवसर पर भगवती का षोडशोपचार पूजन करना चाहिए। गन्ना रस से श्रीसूक्त कनकधारा स्त्रोत से अभिषेक का अधिक महत्व है। रात्रि पर्यन्त जागरण कर लक्ष्मी सूक्त एवं श्रीगोपाल सहस्त्रनाम स्त्रोत पाठ करना चाहिए। शास्त्र में पद्म पुराण लक्ष्मी रहस्यम आदि ग्रंथों में उल्लेख है।

### कोतमा मे विराजेंगी मां काली

दीपावली पर्व के दिन रात्रि 12 बजे नगर के जकीरा चौक पुरानी बस्ती पीपल चौक गुरुद्वारा रोड अटल चौपाटी शिशु भारती स्कूल के पास में माता काली की प्रतिमा स्थापित कर विधि विधान से पूजन अर्चन किया जाएगा। दीपावली के दिन रात्रि 12:00 बजे मां काली की महा आरती उतर जाएगी। दो दिनों तक माता की प्रतिमा स्थापित कर विसर्जन किया जाएगा। समिति के द्वारा भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। जिलेभर में दीपावली के दूसरे दिन मंगलवार को बाजार बंद रहेगा। यात्री बसें भी बंद रहेगी । परीवा के दिन बाजार बंद रहने के कारण लोग एक दिन पूर्व रोजमर्रा की जरूरत की चीजों की खरीदारी जमकर कर रहे हैं।

### सुरक्षा पर नजर

थाना प्रभारी रत्नाम्बर शुक्ल ने बताया कि दीपावली का त्यौहार शांतिपूर्ण संपन्न हो इसके लिए उन्होंने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किए हैं मोबाइल टीम बनाई गई है जो नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में घूम कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेंगे दीपावली को देखते हुए बाजार में भीड़ बढ़ गई है जिसको देखते हुए बाजार व्यवस्था के लिए पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी लगवाई गई है । धनतेरस एवं दीपावली के दिन नगर के मुख्य जगहों पर वेरी गेट्स लगवाए जाएंगे जिससे लोगों को आवागमन करने में परेशानी का सामना न करना पड़े।

# उपमुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने जिला चिकित्सालय अनूपपुर का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



मध्यप्रदेश शासन के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने आज जिला चिकित्सालय अनूपपुर का निरीक्षण किया। उन्होंने चिकित्सालय परिसर, विभिन्न वार्डों एवं आपातकालीन सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया तथा मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा सुविधाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान उपमुख्यमंत्री ने उपस्थित चिकित्सकों एवं अधिकारियों से चर्चा की और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर बल दिया। उपमुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मरीजों को समय पर, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि उपचार में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। चिकित्सालय में स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने, आवश्यक जीवनरक्षक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा चिकित्सा उपकरणों के सुचारू उपयोग पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण एवं दूरस्थ अंचलों से आने वाले मरीजों को भी सहज, त्वरित एवं संतोषजनक चिकित्सा सुविधाएँ मिलनी चाहिए। इस अवसर पर मध्य प्रदेश कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष राम लाल रौतेल, कलेक्टर हर्षल पंचोली, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर के वर्मा, सिविल सर्जन, पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ हीरा सिंह श्याम सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, पत्रकारगण एवं आमजन उपस्थित थे।

### राजकुमार ने अपने गांव को दिलाया पहला मेडल, जीता गोल्ड और सिल्वर

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



जनपद पंचायत जैतहरी अंतर्गत ग्राम पंचायत सकरा के खिलाड़ी राजकुमार सिंह पिता पप्पू सिंह का चयन राष्ट्रीय लीठी प्रतियोगिता हुआ था, जहां राजस्थान के अल्वर में आयोजित प्रतियोगिता में एक गोल्ड व एक सिल्वर मेडल जीतकर पहली बार अपने गांव को गौरवांवित करने वाला युवा बन गया है। ग्राम पंचायत सकरा के सरपंच संतोष झ्कसह ने कहा कि यह पंचायत ही नही बल्कि क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है कि गांव से निकल कर राष्ट्रीय स्तर तक हमारे खिलाड़ी परचम लहरा रहे है। उन्होंने की ऐसे होनहार खिलाड़ी को मै हर संभव मदद करने को तैयार हूं। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सकरा के पूर्व छात्र राजकुमार सदैव खेलकूद के प्रति समर्पित रहकर मेहनती व लगनशील रहे है वो विद्यालय में भी अग्रणी रहकर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल हो चुके है। जहां विद्यालय के पीटीआई उपेन्द्र कुमार मिश्रा के नेतृत्व में मैडल अर्जित किए वहीं प्रशिक्षक किशोर कुमार साकेत के साथ सेपक टेकरा खेल के निर्णायक परीक्षा की तैयारी भी कर रहे हैं। साथ में लाठी, सेपक टेकरा दोनों विधाओं में पारंगत हासिल कर ग्राम पंचायत के नन्हे-मुन्हें खिलाडियों को भी तैयार कर रहें। राजकुमार के इस जीत पर सहायक आयुक्त सरिता नायक, क्षेत्र संयोजक एसके बाजपेई, जिला क्रीड़ा प्रभारी, सरपंच संतोष सिंह, उपसरपंच, पंचायत प्रतिनिधियों के साथ विद्यालय प्राचार्य आरपी सोनी, बीडी पटेल, अरुण गुप्ता, विनोद कुमार द्विवेदी, जशवंत, रेखा सिंह दीक्षित, लवकेश द्विवेदी, प्रसीत दास, संजय कोल, फूलमती, सुनील कुमार, मधु तिवारी, साहिल खान, निधि तिवारी, शारदा चौरशिया, शिल्पी कौर, शिवांगी, पुष्पेंद्र साहू, गणेश, सुरेंद्र सिंह, लकी, कमलेश, अधीक्षिका सुभद्रा सिंह ने बधाई प्रेषित कर उज्जवल भविष्य की कामना की है।



































